**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** ..........................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________
(In words)

**J 0 0 8 1 8**

# PAPER - II
# COMMERCE

**Time : 2 hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **56**

Number of Questions in this Booklet : **100**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of hundred multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में सौ बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही प्रयोग करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।



Downloaded from www.cclchapter.com

## वाणिज्य

### प्रश्न-पत्र - II

**निर्देश :** इस प्रश्न-पत्र में **सौ (100)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** केन्द्रीय बैंक निम्नलिखित में से किस नीति के माध्यम से अर्थव्यवस्था में बचत, निवेश और उपभोक्ता द्वारा खर्च किए जाने को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित कर सकता है?

(1) राजकोषीय नीति
(2) मौद्रिक नीति
(3) औद्योगिक नीति
(4) विदेशी मुद्रा नीति

**2.** निम्नलिखित में से कौनसी पूँजीवाद की विशेषता **नहीं** है?

(1) व्यक्ति और संघ कम से कम त्याग या लागत के साथ अपने मुनाफे को अधिक से अधिक करने के आर्थिक उद्देश्य के साथ व्यवहार करते हैं।
(2) देश में उत्पादन के प्रमुख साधन या तो सरकार के स्वामित्व में हैं या उनका उपयोग सरकार द्वारा नियंत्रित है।
(3) उत्पादक, उपभोक्ता और कर्मचारी आपस में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं क्योंकि संसाधन और अवसर सीमित हैं।
(4) कीमत, अदृश्य शक्ति, उत्पादन एवं उपभोग के कारकों के प्रवाह में प्रधान भूमिका अदा करते हैं।

**3.** निम्नलिखित में से 1991 के बाद औद्योगिक नीति परिवर्धनों की कौनसी प्रमुख विशेषता **नहीं** है?

(1) निजी क्षेत्र का क्षेत्र बहुत बड़े स्तर पर विस्तृत हुआ है।
(2) सार्वजनिक क्षेत्र, विनिवेश के द्वारा कई प्रकार के उद्यमों से आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से हट रहा है।
(3) भारतीय उद्योग विदेशी प्रतिस्पर्धा के प्रति तेजी से अनावृत्त हुआ है।
(4) अधिकतर उद्योगों में सार्वजनिक क्षेत्र के लिए एकाधिकार या प्रधान स्थिति तथा सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा अर्थव्यवस्था का नियन्त्रण शीर्ष पर नियन्त्रण।

**4.** कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार बनाये जाने वाले पार्षद सीमा नियम में सम्मिलित की जाने वाली महत्त्वपूर्ण सूचना में कौन सा भाग सम्मिलित **नहीं** होता है?

(1) कम्पनी का नाम और वह राज्य, जिसमें वह अवस्थित है।
(2) वे उद्देश्य जिनके लिए कम्पनी को निगमित किए जाने का प्रस्ताव किया गया है।
(3) कम्पनी के आंतरिक प्रबंधन के लिए नियम, विनियम और उप-नियम।
(4) कम्पनी, चाहे सीमित हो या असीमित, के सदस्यों की देयता।



Downloaded from www.cclchapter.com

5. **अभिकथन (A) :** जब आर्थिक विकास की उच्च दर और आयातों के सापेक्ष मूल्य में तीव्र गिरावट और विलोमत: की अटकल हो तो आयातों की मात्रा के बहुत अधिक होने की प्रवृत्ति होती है।

**कारण (R) :** विकास की उच्च दर, यदि अन्य बातें पूर्ववत् रहें, आयातों, यदि अन्य बातें पूर्ववत रहें, में वृद्धि के साथ जुड़ी होती है, आयातों के सापेक्ष मूल्य में गिरावट के साथ जुड़ी होती है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** सही नहीं है।

(4) **(R)** सही है लेकिन **(A)** सही नहीं है।

6. उपभोक्तावाद के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?

(1) उपभोक्तावाद व्यवसाय की उपभोक्ता के वैध अधिकारों की गारंटी देने और उन्हें सुनिश्चित करने की विफलता का प्रकटीकरण है।

(2) उपभोक्ता संरक्षण में सरकार की कोई भूमिका नहीं है क्योंकि यह केवल व्यवसाय संगठनों का हिस्सा है।

(3) उपभोक्ताओं को उपभोक्तावाद अपने अधिकारों की रक्षा करने और उनका आनंद उठाने के साधन के रूप में मानना चाहिए।

(4) उपभोक्तावाद का विकास होना विपणन के लिए एक धक्का नहीं है बल्कि यह सजग विपणन के विकास में अगले चरण को इंगित करता है।

7. निम्नलिखित में से कौनसा ''नीति आयोग'' द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में शामिल **नहीं** है ?

(1) पंचवर्षीय आयोजना दृष्टिकोण

(2) त्रिवर्षीय कार्रवाई एजेंडा

(3) सप्तवर्षीय कार्यनीति

(4) पन्द्रह-वर्षीय सोच

8. **अभिकथन (A) :** व्यवसाय के स्वामियों के वैयक्तिक लेनदेनों को बहियों में अभिलिखित नहीं किया जाता।

**तर्क (R) :** व्यवसाय के अस्तित्व की अवधारणा के अनुसार प्रत्येक व्यावसायिक उद्यम को इसके स्वामियों से पृथक एक लेखांकन इकाई के रूप में माना जाता है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किंतु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, किंतु **(R)** सही नहीं है।

(4) **(A)** गलत है, किंतु **(R)** सही है।

9. नकदी प्रवाह विवरण के संदर्भ में, निम्न में से कौन-सा वित्तीय गतिविधियों का एक उदाहरण **नहीं** है ?

(1) बैंक ऋण का भुगतान

(2) ऋणपत्रों पर ब्याज/लाभांश भुगतान

(3) सार्वजनिक जमाओं से नकदी आगम

(4) स्थिर परिसंपत्तियों का बिक्रय



Downloaded from www.cclchapter.com

**10.** अनुमानित लागतों और मानक लागतों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सत्य** है ?

(1) मानक लागतें वैज्ञानिक विश्लेषण एवं अभियांत्रिकी अध्ययनों पर आधारित होती हैं जबकि अनुमानित लागतें ऐतिहासिक आधार पर आधारित होती हैं।

(2) मानक लागत का जोर ''कितनी लागत आएगी'' पर होता है, जबकि अनुमानित लागत का जोर ''कितनी लागत आनी चाहिए'' पर होता है।

(3) अनुमानित लागतों की तुलना में मानक लागतों को अधिक बार संशोधित किया जाता है।

(4) अनुमानित लागतें मानक लागतों की अपेक्षा अधिक स्थिर होती हैं।

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?

(1) चालू वर्ष में ही लाभ प्राप्त करने के आशय से किया जाने वाला व्यय आयगत व्यय होता है।

(2) ख्याति प्राप्त करने हेतु प्रदत्त की जाने वाली राशि पूँजीगत व्यय होती है।

(3) किसी नई मशीन के स्थापन हेतु प्रदत्त वेतन को सामान्यत: वेतन खाते में नामे (डेबिट) किया जाता है।

(4) आयगत व्यय का उद्देश्य भावी अवधि में लाभ प्राप्त करना नहीं होता है।

**12.** X लिमिटेड, ने ₹ 10 प्रत्येक के जिस पर ₹ 8 माँग की गयी थी, 20 शेयर जब्त कर लिए, जिन पर जॉन ने प्रति शेयर ₹ 5 की आवेदन एवं आवंटन धनराशि का भुगतान किया था, इनमें से, 15 शेयर, प्रति शेयर ₹ 6 पूर्णत: प्रदत्त रूप में, पार्कर को पुन: जारी किए। सम्बन्धित राशि को पूँजी संचय खाते में अंतरित कर दिए जाने के पश्चात् अंश अपहरण खाते में शेष राशि क्या है ?

(1) शून्य (2) ₹ 5 (3) ₹ 25 (4) ₹ 100

**13.** X और Y अपने लाभों को 7 : 3 में अंशभाजित करते थे, वे एक नई फर्म में 3/7 अंश के लिये Z को शामिल करते हैं, जिसमें वह X से 2/7 और Y से 1/7 प्राप्त करता है। X, Y और Z का नया अनुपात क्या होगा ?

(1) 7 : 3 : 3 (2) 4 : 2 : 3 (3) 14 : 6 : 15 (4) 29 : 11 : 30

**14.** **अभिकथन (A) :** एक उच्च प्रचालन अनुपात अनुकूल स्थिति का संकेत करता है।

**तर्क (R) :** उच्च प्रचालन अनुपात गैर-प्रचालनिक व्यय को पूरा करने के लिए अधिक मार्जिन प्रदान करता है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किंतु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(4) **(A)** सही है किंतु **(R)** गलत है।



Downloaded from www.cclchapter.com

15. लाभ की अवधारणा के संबंध में नीचे दो कथन दिए गए हैं। **सही** या **गलत** कथन के बारे में **सही** कूट का चयन कीजिए।

**कथन (I) :** लेखांकन-लाभ, विनिर्माण एवं उपरिव्यय दोनों के भुगतान के पश्चात बची हुई कुल आय का अधिशेष होता है।

**कथन (II) :** आर्थिक या शुद्ध लाभ वह अवशिष्ट शेष है जो प्रबंधन की अंतरण लागतों, बीमा योग्य जोखिमों, मूल्यह्रास तथा अपने वर्तमान स्तर पर निवेश को बनाए रखने के लिए अंशधारकों को किए गए पर्याप्त संदाय सहित, समस्त संविदागत लागतों को पूरा करने के बाद बचता है।

**कूट :**

(1) दोनों कथन सही हैं।

(2) दोनों कथन गलत हैं।

(3) **कथन (I)** सही है जबकि **कथन (II)** गलत है।

(4) **कथन (I)** गलत है जबकि **कथन (II)** सही है।

16. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह, कीमत लोच गुणांक, कीमत में परिवर्तन और कुल आय में परिवर्तन के मध्य अंतर्संबंधों को दर्शाने के लिए **गलत** समूह है?

| | **कीमत लोच गुणांक** | **कीमत में परिवर्तन** | **कुल आय में परिवर्तन** |
|---|---|---|---|
| (1) | शून्य | वृद्धि | वृद्धि |
| | | कमी | कमी |
| (2) | 1 से कम | वृद्धि | कमी |
| | | कमी | वृद्धि |
| (3) | 1 के समतुल्य | वृद्धि | कोई परिवर्तन नहीं |
| | | कमी | कोई परिवर्तन नहीं |
| (4) | 1 से अधिक | वृद्धि | कमी |
| | | कमी | वृद्धि |

17. निम्न में से कौन-सी, तटस्थता वक्र की मूलभूत विशेषता **नहीं** है?

(1) तटस्थता वक्रों में ॠणात्मक ढाल होता है।

(2) अपूर्ण प्रतिस्थानापन्नों की दशा में तटस्थता वक्र उद्‌गम पर अवतल होते हैं।

(3) तटस्थता वक्र एक दूसरे को नहीं काटते हैं, न ही वे एक दूसरे को स्पर्श करते हैं।

(4) ऊपरी तटस्थता वक्र उच्चतर स्तर की संतुष्टि का संकेत करते हैं।



Downloaded from www.cclchapter.com

18. जब श्रम को अक्ष-X पर अंकित किया जाए और पूँजी को अक्ष-Y पर अंकित किया जाए तथा एक सम-मात्रा तैयार की जाए तो निम्न कथनों में से कौन-सा/कौन-से **गलत** होगा/होंगे ?

(a) पूँजी हेतु श्रम के तकनीकी प्रतिस्थापन की सीमांत दर सम-मात्रा के ढाल के समतुल्य होती है।

(b) पूँजी हेतु श्रम के तकनीकी प्रतिस्थापन की सीमांत दर श्रम की इकाइयों में परिवर्तन द्वारा विभाजित पूँजी की इकाइयों में परिवर्तन के समतुल्य होती है।

(c) पूँजी हेतु श्रम के तकनीकी प्रतिस्थापन की सीमांत दर श्रम की सीमांत उत्पादकता पर पूँजी की सीमांत उत्पादकता के अनुपात में होती है।

**कूट :**

(1) कथन (a) और (b)
(2) केवल कथन (c)
(3) केवल कथन (a)
(4) केवल कथन (b)

19. **सूची - II** की मदों को **सूची - I** की मदों से सुमेलित कीजिए और **सही** सुमेल वाले कूट का संकेत कीजिए। ये मदें पैमाने / विस्तार की मितव्ययताओं से संबंधित हैं।

| **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|
| (a) पैमाने की मितव्ययिताएं | (i) | जब किसी एकल फर्म द्वारा दो संपूरक उत्पाद तैयार किए जाते हैं तब किसी उत्पाद के विनिर्माण की निम्नतर औसत लागतों से उत्पन्न होती हैं। |
| (b) आंतरिक मितव्ययिताएं | (ii) | थोक में उत्पादन द्वारा उत्पादन की लागतों को कम करने से संबंधित हैं। |
| (c) बाह्य मितव्ययिताएं | (iii) | तब उत्पन्न होती हैं जब प्रति इकाई लागत फर्म के आकार पर निर्भर करती है। |
| (d) विस्तार की मितव्ययिताएं | (iv) | तब उत्पन्न होती हैं जब प्रति इकाई लागत उस उद्योग के आकार पर निर्भर करती है न कि फर्म के आकार पर। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

20. कोई फर्म जो अत्यधिक स्थानापन्न माल का उत्पादन करती है, निम्नलिखित में से कौन-सी कीमत-निर्धारण नीति को अपना सकती है ?

(1) हस्तांरण कीमत-निर्धारण
(2) चालू दर कीमत-निर्धारण
(3) उत्पाद बंडलीकरण
(4) पूर्ण लागत कीमत-निर्धारण

21. एक पूर्ण प्रतियोगिता वाले बाजार में कोई फर्म दीर्घकाल में आउटपुट के स्तर पर प्रचलित होती है, जहाँ :

(1) AC = MC जब MC न्यूनतम हो
(2) MC = AR = MR जब MC न्यूनतम हो
(3) MR = MC
(4) AR = MR =AC = MC



Downloaded from www.cclchapter.com

22. वस्तुओं के गुणधर्मों की प्रदर्शित करने के लिए संख्याओं का निश्चयन किस रूप में जाना जाता है ?

(1) नामिक आँकड़े (2) क्रमसूचक आँकड़े (3) अंतराल आँकड़े (4) अनुपात आँकड़े

23. संचयी आवृत्ति वितरण वाले रेखाचित्र को कहा जाता है :

(1) आवृत्ति बहुभुज (2) आवृत्ति वक्र

(3) चाप विकर्ण (4) पाई आरेख

24. आँकड़ों के वर्गीकरण के मामले में, उच्चतर सीमा वाले वर्ग को इसके अगले वर्ग की निम्नतर सीमा के रूप में माना जाता है, को कहते हैं :

(1) खुली श्रेणी (2) बंद श्रेणी

(3) अपवर्जी श्रेणी (4) समावेशी श्रेणी

25. एक मानक सामान्य प्रायिकता वितरण के लिए, माध्य ($\mu$) और मानक विचलन ($\sigma$) हैं :

(1) $\mu=0, \sigma=1$ (2) $\mu=16, \sigma=4$

(3) $\mu=25, \sigma=5$ (4) $\mu=100, \sigma=10$

26. **सूची - II** की मदों को **सूची - I** की मदों से सुमेलित कीजिए और **सही** सुमेल वाले कूट का चयन कीजिए :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | माध्य की मानक त्रुटि | (i) | Ha : $\mu_1 \neq \mu_2$ |
| (b) | जनसंख्या के माध्य के प्राक्कलन बिन्दु का आधार | (ii) | जनसंख्या के समस्त प्रेक्षणों पर आधारित मान |
| (c) | अविशिष्ट परिकल्पना | (iii) | माध्य के निदर्शन वितरण का माध्य |
| (d) | वर्णनात्मक सांख्यिकी का प्राचल मान | (iv) | माध्य के निदर्शन वितरण का मानक विचलन |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

27. 'अधिभार' और 'जीवन प्रत्याशा' की मापों के बीच एक अति उच्च प्रतिलोम संबंध है। निम्नलिखित सहसंबंध गुणांक मानों में से कौन-सा इस कथन से सुसंगत है ?

(1) 0.80 (2) 0.20 (3) −0.20 (4) −0.80



Downloaded from www.cclchapter.com

28. **सूची - II** की मदों को **सूची - I** की मदों से सुमेलित कीजिए और **सही** सुमेल वाले कूट का चयन कीजिए :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | काई–स्क्वेयर टेस्ट | (i) | दो से अधिक प्रतिदर्श समूहों के बीच मध्य मानों के अंतरों की सार्थकता का परीक्षण |
| (b) | एनोवा (F - टेस्ट) | (ii) | वितरण की यथार्थता का परीक्षण |
| (c) | जेड - टेस्ट | (iii) | दो बड़े आकार के प्रतिदर्शों के बीच मध्य मानों के अंतर की सार्थकता का परीक्षण |
| (d) | टी - टेस्ट | (iv) | जब जनसंख्या मानक विचलन ज्ञात न हो तब लघु आकार के दो प्रतिदर्शों के बीच मध्य मानों के अंतर की सार्थकता का परीक्षण |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

29. **सूची** - II की मदों को **सूची** - I की मदों से सुमेलित कीजिए तथा **सही** उत्तर कूट का चयन कीजिए :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | सेल्स एक्जीक्यूटिव | (i) | शीर्ष–मध्य प्रबंधन |
| (b) | शाखा प्रबंधक | (ii) | मध्य प्रबंधन |
| (c) | फोरमैन | (iii) | निम्न प्रबंधन |
| (d) | उत्पादन प्रबंधक | (iv) | प्रचालन बल |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

30. निम्न कथनों के **सही** अथवा **गलत** होने से संबंधित **सही** कूट का चयन कीजिऐ :

**कथन (I)** : मानव की यह खास विशेषता है कि वह योजनाएं बनाता है।

**कथन (II)** : योजना भविष्य को नियंत्रण में करने वाला फंदा होती है।

**कूट :**

(1) कथन **(I)** सही है किंतु **(II)** गलत है।

(2) कथन **(II)** सही है किंतु **(I)** गलत है ।

(3) कथन **(I)** और **(II)** दोनों ही सही हैं।

(4) कथन **(I)** और **(II)** दोनों ही गलत हैं।



Downloaded from www.cclchapter.com

**31.** **अभिकथन (A) :** प्रबंधन प्रकार्यों से संबंधित सिद्धांतों का समूह है।

**तर्क (R) :** समस्त प्रकार के संगठनों के संचालन के लिए प्रबंधन आवश्यक है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किंतु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(4) **(A)** सही है, किंतु **(R)** गलत है।

**32.** **सूची - II** की मदों को **सूची - I** की मदों से सुमेलित कीजिए तथा **सही** कूट का चयन कीजिए।

| | **सूची - I (समीक्षात्मक नियंत्रण मानक)** | | **सूची - II (समीक्षात्मक बिंदु)** |
|---|---|---|---|
| (a) | भौतिक मानक | (i) | प्रति इकाई सामग्री लागत |
| (b) | लागत मानक | (ii) | प्रति इकाई उत्पादन के श्रम घंटे |
| (c) | आय मानक | (iii) | उत्पादन का समय-निर्धारण |
| (d) | कार्यक्रम मानक | (iv) | प्रति ग्राहक औसत विक्रय |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**33.** भारत में कॉर्पोरेट गवर्नेंस के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?

(1) प्रत्येक कम्पनी को किसी व्यक्ति या फर्म को अंकेक्षक के रूप में नियुक्त करना आवश्यक होता है।

(2) स्वतंत्र निदेशकों को वर्ष में कम-से-कम तीन बैठकों में भाग लेना आवश्यक है।

(3) कुछ श्रेणियों के अंतर्गत आने वाली कंपनियों के लिए एक या अधिक महिला निदेशकों की संस्तुति की जाती है।

(4) किसी सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी में अनुमेय निदेशकों की अधिकतम संख्या 15 से अधिक नहीं हो सकती।

**34.** यह लोकप्रिय कथन, – ''यदि आपके पास कुल मिलाकर एक हथौड़ा है तो हर-एक चीज कील की तरह दिखाई देती है'', निम्न में से किसके द्वारा किया गया है ?

(1) ए.एच. मास्लो (हाइरार्की ऑफ नीड्स)

(2) हेनरी फ़ेयोल (इंडस्ट्रियल एंड जनरल एडमिनिस्ट्रेशन)

(3) एफ.डब्ल्यू. टेलर (साइंटिफिक मैनेजमेंट)

(4) फ्रेडरिक हर्जबर्ग (हाइजीन थ्योरी)

**35.** प्रकार्यात्मक नेतृत्व का सिद्धांत निम्न में से किससे संबंधित है ?

(1) हॉकमैन एवं वाल्टन तथा मैकग्राथ

(2) बर्नार्ड एवं ऑर्डवे टैड

(3) कूंट्ज एवं ओ' डोनेल

(4) अल्फोर्ड एवं बेट्टी



Downloaded from www.cclchapter.com

36. जब दो अलग-अलग कम्पनियाँ या एक ही कम्पनी के दो प्रभाग अपने-अपने ब्रॉण्डों को एक ही विशेष उत्पाद या प्रतिष्ठान पर प्रयोग करते हैं तो इस प्रकार की व्यवस्था को कहते हैं :

(1) भिन्नक ब्रॉण्डिग
(2) कोब्रॉण्डिग
(3) दोहरी ब्रॉण्डिग
(4) कोब्रॉण्डिग एवं दोहरी ब्रॉण्डिग

37. जब मूर्त वस्तुओं को कोई उपभोक्ता गुणवत्ता, मूल्य एवं शायद स्टाइल के लिए विभिन्न स्टोरों पर खरीदने से पूर्व तुलना करना चाहता है तो इन्हें कहते हैं :

(1) सुविधा वस्तुएं
(2) खरीददारी वस्तुएं
(3) विशिष्ट वस्तुएं
(4) अनभीष्ट वस्तुएं

38. जब कोई कम्पनी अपने प्रत्येक एकल उपभोक्ता को एक अलग खण्ड के रूप में मानती है तो इसे कहते हैं :

(1) निश विपणन
(2) नैनो विपणन
(3) एकल विपणन
(4) माइक्रो विपणन

39. निम्नांकित दी गयी किन परिस्थितियों में उपभोक्ता के शामिल होने का स्तर उच्च **नहीं** होगा ?

(1) उपभोक्ता सम्मिलित धन की राशि को अधिक मानता है।
(2) उत्पाद के द्वारा महत्वपूर्ण लाभ देने की सम्भावना कम देखी जाती हो।
(3) यदि उपभोक्ता के पास आवश्यकता की पूर्ति करने वाले विकल्पों के बारे में सूचना की कमी हो।
(4) यदि किसी उत्पाद का अधिक सामाजिक महत्व हो।

40. **कथन (I) :** बहुत पूर्व युग से जुड़ी एक सोच के अनुसार जब साधारणतया वस्तुओं की माँग, पूर्ति से ज्यादा होती थी तथा व्यापार में प्राथमिक उद्देश्य मध्यम मात्रा में वस्तुओं को प्रभावशाली रूप से उत्पादन करना होता था, तब उपभोक्ताओं को ढूँढ़ना तुलनात्मक रूप से एक मुख्य कार्य के रूप में देखा जाता था।

**कथन (II) :** उत्पाद उन्मुखीकरण वाली फर्में यह मानते हुए कि उपभोक्ता तर्कसंगत मूल्य वाली, अच्छी गुणवत्ता वाली वस्तुओं को खोजेंगे, विशिष्ट रूप से उत्पादों में गुणवत्ता एवं मात्रा पर ध्यान केन्द्रित करती हैं।

उपरोक्त वाक्यों से कथनों के **सही** या **गलत** होने के सम्बन्ध में **सही** कूट इंगित कीजिए। कथन विपणन के अवधारणाओं से सम्बन्धित हैं।

(1) कथन **(I)** तथा **(II)** दोनों सही नहीं हैं।
(2) कथन **(I)** तथा **(II)** दोनों सही हैं।
(3) कथन **(I)** सही है परन्तु कथन **(II)** सही नहीं है।
(4) कथन **(I)** सही नहीं है परन्तु कथन **(II)** सही है।



Downloaded from www.cclchapter.com

41. **सूची - II** के मदों का **सूची - I** के मदों से मिलान करते हुए **सही** कूट का चयन कीजिए जो कि अन्तर्राष्ट्रीय विपणन कर्त्ताओं पर विधिक शक्तियों के प्रभाव से सम्बन्धित हैं :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | सीमा शुल्क (टैरिफ) | (i) | एक अधिनियम जो आयात करने वाली कम्पनी के बारे में यह स्पष्ट करता है कि परिपूर्ण उत्पाद के घटक एवं श्रम का योगदान अनिवार्य रूप से कितना होगा। |
| (b) | आयात कोटा | (ii) | किसी देश में प्रवेश करने वाले उत्पाद पर कर आरोपित कर घरेलू उत्पादकों को बचाना या राजस्व बढ़ाना। |
| (c) | स्थानीय-मात्रा नियम | (iii) | एक ज़रूरत कि उत्पाद कुछ अवयव रखता है या नहीं रखता है अथवा इसका परीक्षण या प्रमाणन किया जाता है चूँकि इसे कुछ नियामक मानकों को पूरा करना होता है। |
| (d) | स्थानीय परिचालन नियम | (iv) | किसी भी देश में किसी विशिष्ट उत्पाद की सीमित मात्रा लाई जा सकती है जिससे घरेलू उद्योगों को बचाया जा सके या इसके बाज़ारों में पहुँच को बढ़ाया जा सके। |
| (e) | मानक एवं प्रमाणन | (v) | किसी कम्पनी या देश के उत्पादों की खरीद से मना कर देना। |
| (f) | बहिष्कार | (vi) | रिटेलिंग कैसे, कहाँ या कब की जाए इस पर प्रतिबंध। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** | **(e)** | **(f)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) | (vi) | (v) |
| (2) | (vi) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) | (v) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (vi) | (iii) | (v) |
| (4) | (iv) | (vi) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |

42. **सूची - II** की मदों को **सूची - I** की मदों से सुमेलित कीजिए जो कि वैयक्तिक विक्रय प्रक्रिया से सम्बन्धित हैं तथा **सही** कूट का चयन कीजिए :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | पूर्वेक्षक | (i) | सावधान, रुचि, इच्छा, कार्यान्वयन |
| (b) | पूर्व उपागम | (ii) | प्रोफाइल पहचानना, आगे बढ़ना, रिकॉर्ड्स बनाना तथा सक्षमता अर्हता देखना व इच्छानुकूलता |
| (c) | प्रस्तुतिकरण | (iii) | असंगति कम करना, साख बनाना |
| (d) | विक्रय पश्चात सेवाएँ | (iv) | सूचना, आदतें तथा प्राथमिकताएँ |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |



Downloaded from www.cclchapter.com

**43.** निम्नलिखित में से कौन-सा पूँजी-ढाँचा का एक उपागम **नहीं** है ?

(1) सकल-लाभ उपागम
(2) शुद्ध संचालन आय उपागम
(3) शुद्ध लाभ उपागम
(4) मोदिग्लियानी और मिलर उपागम

**44.** पूँजी बजटन की निम्नलिखित विधियों में से किस विधि में यह माना जाता है कि रोकड़ अन्तर्वाह, परियोजना की प्रत्याय दर पर पुनर्विनियोजित किए जाते हैं ?

(1) शुद्ध वर्तमान मूल्य
(2) लेखांकन प्रत्याय दर
(3) आन्तरिक प्रत्याय दर
(4) बट्टाकृत प्रत्यावर्तन अवधि

**45.** समता अंश पूँजी की लागत, ऋण की लागत से अधिक होती है क्योंकि :

(1) समता अंश आसानी से विक्रय योग्य नहीं होते हैं।
(2) समता अंश स्थाई लाभांश दर प्रदान नहीं करते हैं।
(3) समता अंश का अंकित मूल्य सामान्यत: ऋणपत्रों के अंकित मूल्य से कम होता है।
(4) समता अंश, ऋणों से अधिक जोखिमपूर्ण होते हैं।

**46.** नकारात्मक शुद्ध कार्यशील पूँजी का तात्पर्य है कि :

(1) दीर्घकालीन कोषों का उपयोग स्थाई सम्पत्तियों हेतु किया गया है।
(2) अल्पकालीन कोषों का उपयोग स्थाई सम्पत्तियों हेतु किया गया है।
(3) दीर्घकालीन कोषों का उपयोग चालू सम्पत्तियों हेतु किया गया है।
(4) अल्पकालीन कोषों का उपयोग चालू सम्पत्तियों हेतु किया गया है।

**47.** एक कम्पनी के ऋणों में आनुपातिक वृद्धि करने की अन्तर्निहित लागत निम्नलिखित में से कौन सी होगी ?

(1) कम्पनी के पी.ई. अनुपात में वृद्धि हो जायेगी।
(2) कम्पनी की प्रत्याय दर में कमी हो जायेगी
(3) नये ऋणों पर कर-ढाल उपलब्ध नहीं होगी।
(4) समता अंशधारी अधिक प्रत्याय की माँग करने लगेंगे।

**48.** एक परियोजना का लाभदायकता सूचकांक रोकड़ अन्तर्वाहों के वर्तमान मूल्य का निम्नलिखित से किसका एक अनुपात है ?

(1) कुल रोकड़ अन्तर्वाह
(2) कुल रोकड़ बहिर्वाह
(3) रोकड़ बहिर्वाहों का वर्तमान मूल्य
(4) ह्रास-पश्चात प्रारम्भिक लागत

**49.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक **असत्य** है ?

(1) प्रभावी लाभांश नीति धन अधिकतमीकरण उद्देश्य की प्राप्ति के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है।
(2) वाल्टर के अनुसार, एक विकासशील फर्म का अनुकूलतम पे-आउट अनुपात 100% होता है।
(3) एम.एम. प्रतिरूप इस बात पर बल देता है कि फर्म के मूल्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है चाहे फर्म लाभांश का भुगतान करती है अथवा नहीं।
(4) लाभांश निर्णय के संदर्भ में 'बर्ड-इन-द-हैण्ड थियोरी' का विकास माइरन गोर्डन द्वारा किया गया है।



Downloaded from www.cclchapter.com

**50.** निम्न में से कौन-सा कथन 'बाउंडरी स्पैनिंग (Boundary Spanning) के अर्थ को **ठीक-ठीक** व्याख्यायित करता है?

(1) यह किसी व्यक्ति, फर्म, या संस्थान की गतिविधियों के प्रति उसकी आबद्धता तथा उनसे उत्पन्न उत्तरदायित्वों की स्वीकृति को संदर्भित करता है।

(2) यह उस प्रक्रिया को संदर्भित करता है जिसकी मदद से संगठन और उसके कर्मचारी किन्हीं विशिष्ट गतिविधियों/क्रियाओं के माध्यम से उनके बाह्य वातावरण से सम्पर्क स्थापित करते हैं।

(3) यह नैतिक विज्ञान, सिद्धांतों और आचरण के नियमों को संदर्भित करता है।

(4) यह बहुसंस्कृतिवाद प्रबंधन को संदर्भित करता है।

**51.** आजकल मानव संसाधन प्रक्रिया में प्रयुक्त वी.आर.आई.ओ. (VRIO) ढाँचे का संबंध चार कसौटियों से है। बार्नी द्वारा प्रस्तावित वी.आर.आई.ओ. ढाँचे की **सही** व्याख्या करने वाले कोड की पहचान कीजिए :

(1) वैलेंस (Valence) - रिक्रूटिंग (Recruiting) - इंडस्ट्रियल रिलेशंस (Industrial relations) - ऑपरच्युनिटीज़ (Opportunities)

(2) विज़न (Vision) - रिवार्ड्स (Rewards) - इम्प्रूवमेंट्स (Improvements) - ऑपशन्स (Options)

(3) वैल्यू (Value) - रेयरिटी (Rarity) - इमिटेबिलिटी (Imitability) - ऑर्गेनाइजेशन (Organization)

(4) वर्सेटाइल (Versatile) - रिसोर्स (Resource) - इन्फॉर्मेशन (Information) - आउटसोर्सिंग (Outsourcing)

**52.** **अभिकथन (A) :** प्रेरण किसी संगठन में ऐसा अनौपचारिक संवाद-सत्र होता है जिसमें विभिन्न मुद्दों पर सूचनाएं साझा की जाती हैं।

**तर्क (R) :** प्रेरण का औचित्य कर्मचारियों का संस्थान में अथवा संस्थान के विविध पक्षों में पारस्परिक लाभ के लिए प्रभावी एकीकरण सुनिश्चित करना है।

**कूट :**

(1) अभिकथन **(A)** तथा तर्क **(R)** दोनों ठीक हैं और **(R)**, **(A)** की ठीक-ठीक व्याख्या करता है।

(2) अभिकथन **(A)** तथा तर्क **(R)** दोनों ठीक हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की ठीक व्याख्या नहीं करता है।

(3) अभिकथन **(A)** ठीक कथन है, किन्तु तर्क **(R)** ठीक कथन नहीं है।

(4) अभिकथन **(A)** ठीक कथन नहीं है किन्तु तर्क **(R)** ठीक कथन है।



Downloaded from www.cclchapter.com

53. निष्पादन प्रबंधन तंत्रों में प्रयुक्त श्रेणीकरण विधियों से सम्बंधित **सूची - II** की मदों का **सूची - I** की मदों के साथ मिलान करें तथा **सही** संयोजन का चयन करें :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| **( श्रेणीकरण विधि )** | | **( प्रविधि )** | |
| (a) | सामान्य श्रेणीकरण | (i) | सम्पूर्ण निष्पादन आधारित है। |
| (b) | क्रमांतरण श्रेणीकरण | (ii) | प्रत्येक समूह में पूर्वनिर्धारित संख्या में लोगों पर समाप्त होता है। |
| (c) | युग्मित तुलना | (iii) | किसी निश्चित लक्षण के आधार पर केवल काम की मात्रा या गुणवत्ता पर आधारित है। |
| (d) | बलात् आबंटन | (iv) | किसी एक लक्षण अथवा लक्षणों के समूह पर आधारित जिसमें केंद्रीय प्रवृत्ति की अनदेखी की जाती है। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

54. **अभिकथन (A) :** क्षतिपूर्ति के दो प्रमुख अनुक्षेत्र हैं – आर्थिक अवधारणा तथा मनोवैज्ञानिक अवधारणा।

**तर्क (R) :** क्षतिपूर्ति आधारभूत रूप से सेवायोजन अनुबन्ध का प्रतिनिधित्व करती है।

**कूट :**

(1) **(A)** ठीक है तथा **(R)**, **(A)** की उचित व्याख्या करता है।

(2) **(A)** ठीक है, लेकिन **(R)**, **(A)** की उचित व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** ठीक है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** ठीक है।

55. निम्नांकित में से कौनसा औद्योगिक संबंध तथा श्रम कानूनों का प्राथमिक लक्ष्य **नहीं** है ?

(1) सामाजिक साम्य बनाए रखना

(2) उद्योगों को ऋण सुविधा प्रदान करना

(3) अंतरराष्ट्रीय एकरूपता

(4) आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहित करना

56. **अभिकथन (A) :** वास्तविक अर्थों में भारत में प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी असफल रही है।

**तर्क (R) :** संगठनों में अभिवृत्तिक परिवर्तन का अभाव है, श्रम संगठनों की बहुलता है तथा एकल सौदेबाजी प्रतिनिधि निर्धारित करने की प्रक्रिया अनुपस्थित है।

**कूट :**

(1) **(A)** ठीक है तथा **(R)**, **(A)** की ठीक व्याख्या करता है।

(2) **(A)** ठीक है, लेकिन **(R)**, **(A)** की ठीक व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** ठीक है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** ठीक है।



Downloaded from www.cclchapter.com

57. निम्नलिखित में से कौनसा नाबार्ड का कार्य **नहीं** है?

(1) कुछ विशिष्ट प्रयोजनों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित राज्य सहकारी बैंकों एवं क्षेत्रपरक ग्रामीण बैंकों आदि को अल्पावधि ऋण प्रदान करने के द्वारा पुनर्वित्त-पोषण सहायता प्रदान करना।

(2) प्राथमिक सहकारी समितियों और आर.आर.बी. के अलावा अन्य सहकारी समितियों का निरीक्षण करना।

(3) शहरी विकास की समस्याओं के विभिन्न पहलुओं में अनुसंधान को बढ़ावा देना।

(4) कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी किसी भी संस्था की शेयर पूंजी में अंशदान करना या प्रतिभूतियों में निवेश करना।

58. निम्नलिखित में से कौन-सी वित्तीय संस्था सभी वित्तीय संस्थाओं के प्रकार्यों एवं प्रचालनों को एक एकल एकीकृत वित्तीय संरचना में समन्वित करती है ताकि प्रत्येक अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान कर सके?

(1) आई.एफ.सी.आई. (2) यू.टी.आई. (3) आई.डी.बी.आई. (4) सिडबी

59. **अभिकथन (A) :** भारतीय रिजर्व बैंक को केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों की ओर से सार्वजनिक ऋण की देखरेख करने और नए ऋणों और ट्रेजरी बिलों को जारी करने का कार्य सौंपा गया है।

**कारण (R) :** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर और डिप्टी गवर्नर केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** सही नहीं है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही नहीं है।

60. __________ एक मुद्रा की विधिक स्थिति को हटाने या छीनने की प्रक्रिया का द्योतक है।

(1) डिजिटलीकरण (2) वित्तीय समावेशन

(3) विमुद्रीकरण (4) सूक्ष्म वित्त

61. निम्नलिखित में से कौनसा यू.टी.आई. का उद्देश्य **नहीं** है?

(1) बचतकर्ताओं को निवेशों के प्रति सुरक्षा, तरलता और लाभप्रदता के तिहरे लाभों की पेशकश करके समुदाय से बचत-राशि जुटाना।

(2) एकत्रित की गई बचत-राशि को उत्पादक आउटलेट में लगाना।

(3) हायर परचेज फायनांस और हाउसिंग फायनांस के अंतर्गत इसके सदस्यों को वित्त सुविधा देना।

(4) प्रत्येक व्यक्ति को एक बड़ी संख्या में चुनी हुई कम्पनियों में शेयरों और प्रतिभूतियों का अप्रत्यक्ष रूप से मालिक बनने का अवसर देना।



Downloaded from www.cclchapter.com

**62.** निम्नलिखित में से कौनसा आई.एफ.सी.आई. का मुख्य उद्देश्य है ?

(1) लघु एवं बड़े दोनों निवेशकों को देश के स्थिर औद्योगिक विकास के परिणामस्वरूप व्यापक होती समृद्धि में शेयर हासिल करने के साधनों की पेशकश करना।

(2) लघु क्षेत्र के उत्पादों की प्रौद्योगिकी का उन्नयन करना, आधुनिकीकरण करना और विपणन को बढ़ावा देना।

(3) अन्य वित्तीय संस्था की कार्य-प्रणाली के समन्वयन, विनियमन और पर्यवेक्षण के साथ उद्योग के लिए सावधि वित्त के लिए शीर्षस्थ संस्था के रूप में सेवा प्रदान करना।

(4) औद्योगिक उपक्रमों को, विशेषकर उन परिस्थितियों में मध्यम अवधि और दीर्घ अवधि की ऋण सहायता प्रदान करना जिनमें बैंकिंग सुविधा अनुपयुक्त हो या पूंजी बाजार के प्रति संसाधन दु:साध्य हों।

**63.** **सूची - II** की मदों को **सूची - I** की मदों के साथ सुमेलित करें और **सही** कूट इंगित करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | सावधि वित्त | (i) | प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक अनुप्रयोग/विस्तार को प्रोत्साहित करने के लिए नई या मौजूदा औद्योगिक इकाइयों को वित्त देना। |
| (b) | पुनर्वित्त | (ii) | वंचित एवं अल्प आमदनी समूहों के बड़े वर्गों को किफायती लागत पर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना। |
| (c) | वित्तीय समावेशन | (iii) | पात्र संस्थाओं को औद्योगिक कम्पनियों के प्रति उनके ऋणों के लिए पुन:पूर्ति वित्त प्रदान करना। |
| (d) | जोखिम पूंजी | (iv) | संयंत्र एवं उपकरणों के विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए उधार लेने वालों को वित्त प्रदान करना। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |



Downloaded from www.cclchapter.com

**64.** **अभिकथन (A) :** एक निर्यात प्रोसेसिंग जोन मुक्त व्यापार जोन से अलग होता है क्योंकि यह प्रधानतया निर्यात को समर्पित इकाइयों को बढ़ावा देता है।

**कारण (R) :** मुक्त व्यापार जोन में आयातित वस्तुएं उसी रूप में बिना किसी प्रोसेसिंग के पुनर्निर्यातित की जा सकती हैं। लेकिन, एक ई.पी.जेड. (EPZ) में इकाइयों द्वारा निर्यातित वस्तुओं से विनिर्माण/प्रोसेसिंग द्वारा कुछ मूल्य-संवर्धन की अपेक्षा की जाती है।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** सही है लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।

**65.** **सूची - II** की मदों को कृषि व्यापार के उदारीकरण से संबंधित **सूची - I** की मदों के साथ सुमेलित करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रशुल्कीकरण | (i) | उनका अन्य सदस्य देशों पर व्यक्त रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। |
| (b) | निषिद्ध आर्थिक-सहायता | (ii) | वे ऐसी वस्तुओं पर काम करते हैं जो निर्यात निष्पादन पर अवलम्बित हैं। |
| (c) | कार्रवाई-योग्य आर्थिक सहायता | (iii) | मौजूदा गैर-प्रशुल्क प्रतिबंधों का प्रतिस्थापन |
| (d) | गैर-कार्रवाई-योग्य आर्थिक सहायता | (iv) | वंचित क्षेत्रों में औद्योगिक अनुसंधान के लिए |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |



Downloaded from www.cclchapter.com

66. **सूची - II** की मदों को डब्ल्यू.टी.ओ. प्रभाव के संबंध में **सूची - I** की मदों के साथ सुमेलित करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | एन.ए.एम.ए. | (i) | अंतर्राष्ट्रीय निवेशों का उदारीकरण |
| (b) | जी.ए.टी.टी.एस. (गैट्स) | (ii) | औद्योगिक वस्तुएं, कपड़े, आभूषण, मत्स्य और मात्स्यिकी उत्पाद विनिर्माण उद्योग शामिल हैं। |
| (c) | टी.आर.आई.एम्स (ट्रिम्स) | (iii) | वस्तुओं एवं सेवाओं में व्यापार का उदारीकरण |
| (d) | टी.आर.आई.पीएस. (ट्रिप्स) | (iv) | बौद्धिक सम्पदा के स्वामियों को एकाधिकारी शक्ति प्रदान करता है। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

67. निम्नलिखित कथनों के सही या गलत होने के बारे में **सही** कूट को इंगित करें। कथन भुगतान-संतुलन के चालू/पूँजीगत खातों में दर्ज किए गए सौदों के प्रकार से संबंधित हैं?

**कथन (I) :** पूँजीगत खातों में केवल दीर्घावधि पूँजीगत सौदे समाहित होते हैं।

**कथन (II) :** चालू खाते में वे सभी सौदे सम्मिलित होते हैं जो राष्ट्रीय आय को बढ़ाते है या उसका उपयोग करते हैं।

**कूट :**

(1) दोनों कथन सही हैं।

(2) दोनों कथन गलत हैं।

(3) कथन **(I)** सही है जबकि कथन **(II)** गलत है।

(4) कथन **(I)** गलत है जबकि कथन **(II)** सही है।



Downloaded from www.cclchapter.com

68. निम्नलिखित कथनों के सही अथवा गलत होने से संबंधित **सही** कूट का चयन करें।

**कथन (I) :** अंतर्राष्ट्रीय तरलता में केवल अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित निधि समाहित होती है।

**कथन (II) :** अंतर्राष्ट्रीय तरलता में अंतर्राष्ट्रीय सौदों के निपटान के लिए केवल स्वर्ण के आधिकारिक धारण (संग्रह), विदेशी विनिमय, एस.डी.आर. और आई.एम.एफ. में उपलब्ध आरक्षिती स्थिति शामिल होती है।

**कूट :**

(1) दोनों कथन सही हैं।

(2) दोनों कथन गलत हैं।

(3) कथन **(I)** सही है जबकि कथन **(II)** गलत है।

(4) कथन **(I)** गलत है जबकि कथन **(II)** सही है।

69. **सूची - II** की मदों को **सूची - I** की मदों के साथ सुमेलित करें और सुमेलित कूट का चयन करें। मदें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सिद्धांतों से संबंधित हैं?

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | तुलनात्मक लागत सिद्धांत | (i) | एडम स्मिथ |
| (b) | विकल्प लागत सिद्धांत | (ii) | गॉटफ्रॉयड हाबरलर |
| (c) | कारक अक्षयनिधि सिद्धांत | (iii) | डेविड रिकार्डो |
| (d) | पूर्ण लागत सिद्धांत | (iv) | एली हेक्स्चर एवं बर्टिल ओहलिन |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |



Downloaded from www.cclchapter.com

**70.** निम्नलिखित में से कौनसा विश्व बैंक के उधार देने के प्रचालनों के संबंध में उसका मार्गदर्शक सिद्धांत **नहीं** है?

(1) ऋणों की पुनर्अदायगी संभावनाओं का उपयुक्त आकलन।

(2) उधार दिया जाना केवल ऐसी विनिर्दिष्ट परियोजनाओं के लिए होना चाहिए जो आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से ठोस हो और उच्च प्राथमिकता वाली प्रकृति की हों।

(3) उधार दिया जाना इसलिए होना चाहिए कि एक देश परियोजना लागत की विदेशी मुद्रा संघटक को पूरा कर ले।

(4) बैंक उधार लेने वाले देश से अपेक्षा करता है कि वह एक खास देश में ऋण को खर्च करें।

**71.** एक प्रतिभूति का कुल प्रत्याय निम्नलिखित के बराबर होता है :

(1) $\dfrac{\text{आवधिक रोकड़ प्राप्तियां + पूँजीगत लाभ}}{\text{प्रतिभूति का क्रय मूल्य}}$

(2) $\dfrac{\text{आवधिक रोकड़ प्राप्तियां + पूँजीगत लाभ}}{\text{प्रतिभूति का चालू बाजार मूल्य}}$

(3) $\dfrac{\text{आवधिक रोकड़ प्राप्तियां}}{\text{प्रतिभूति का चालू बाजार मूल्य}}$

(4) $\dfrac{\text{आवधिक रोकड़ प्राप्तियां − पूँजीगत लाभ}}{\text{प्रतिभूति का क्रय मूल्य}}$

**72.** एक पोर्टफोलिओ की जोखिम को निम्नांकित में से किसके द्वारा न्यूनतम किया जा सकता है?

(1) दो ऐसी प्रतिभूतियों का सम्मिश्रण जिनके प्रत्याशित प्रत्यायों में पूर्ण सकारात्मक सह-सम्बन्ध हो।

(2) दो ऐसी प्रतिभूतियों का सम्मिश्रण जिनके प्रत्याशित प्रत्यायों में पूर्ण नकारात्मक सह-सम्बन्ध हो।

(3) दो ऐसी प्रतिभूतियों का सम्मिश्रण जिनके प्रत्याशित प्रत्यायों में आंशिक सकारात्मक सह-सम्बन्ध हो।

(4) दो ऐसी प्रतिभूतियों का सम्मिश्रण जिनके प्रत्याशित प्रत्यायों में आंशिक नकारात्मक सह-सम्बन्ध हो।

**73.** एक प्रमाणपत्र जो अल्पकालीन असुरक्षित निगमीय ऋण का साक्ष्य प्रस्तुत करता है, कहलाता है :

(1) सर्टिफिकेट ऑफ डिपोजिट (2) शॉर्ट-टर्म लोन सर्टिफिकेट

(3) ट्रेजरी बिल (4) कॉमर्शियल पेपर



Downloaded from www.cclchapter.com

**74.** निम्नलिखित में से कौन से कथन **असत्य** हैं? **सही** कूट बताइए।

(a) ग्रे बाजार एक ऐसा बाजार है जिसमें सूचीबद्ध प्रतिभूतियों का लेनदेन होता है।

(b) ओ.टी.सी.ई.आई. मुख्य रूप से बड़े विनियोजकों के लिए बनाया गया है।

(c) पूंजी बाजार में इनसाइडर ट्रेडिंग को कानूनी मान्यता प्राप्त है।

(d) वह तरीका जिसे एक ही प्रतिभूति के दो अलग-अलग बाजारों में मूल्यों के अन्तर से उत्पन्न लाभ प्राप्त करने हेतु अपनाया जाता है, 'अंतरपणन' कहलाता है।

**कूट :**

(1) (a), (b), (c)　　(2) (a), (b), (d)

(3) (a), (b), (c), (d)　　(4) (b), (c), (d)

**75.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन **असत्य** हैं? सही कूट बताइए।

(a) पहली बार किसी कम्पनी द्वारा निर्गमित अंश पूंजी को साहसिक पूंजी कहा जाता है।

(b) भारत में सभी साहसिक पूँजी कोषों का प्रवर्तन सरकार द्वारा किया जाता है।

(c) साहसिक पूँजीपति, सहायता प्राप्त संस्थाओं को पूंजी के अतिरिक्त, प्रबन्धकीय एवं तकनीकी सहायता भी प्रदान करते हैं।

(d) साहसिक पूंजी वित्तीयन से केवल दीर्घकाल में ही लाभ प्राप्त किया जा सकते हैं।

**कूट :**

(1) (a), (b) और (d)　　(2) (a) और (b)

(3) (b), (c) और (d)　　(4) (c) और (d)

**76.** **सूची - II** की मदों का **सूची - I** की मदों से मिलान कीजिए तथा **सही** कूट का चयन कीजिए :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | तरलता जोखिम | (i) | आय की क्रय शक्ति से सम्बन्धित जोखिम |
| (b) | व्यावसायिक जोखिम | (ii) | फर्म के पूँजी ढांचा से सम्बन्धित जोखिम |
| (c) | वित्तीय जोखिम | (iii) | समय पर देयों का भुगतान करने की अक्षमता से सम्बन्धित जोखिम |
| (d) | मुद्रास्फीति जोखिम | (iv) | लाभों में उच्चावचन से सम्बन्धित जोखिम |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |



Downloaded from www.cclchapter.com

77. **कथन (I) :** किसी सेवा (लाभ के लिए या गैर व्यापारिक सन्दर्भ में) के लिए वितरण तन्त्र के प्रारूप को तैयार करने के लिए केवल उन पक्षकारों का चयन, जिनके माध्यम से स्वामित्व गुजरेगा, शामिल होता है।

**कथन (II) :** अधिकांश सेवाओं के लिए स्वामित्व चैनल लम्बे तथा काफी जटिल होते हैं क्योंकि इनमें अलग न होने वाले गुण होते हैं।

**कथन (III) :** छोटे चैनलों का तात्पर्य साधारणतया विक्रेता के भाग पर अधिक नियन्त्रण होने से होता है।

कथनों के सही या गलत होने के सही कूट का चयन कीजिए। ये कथन उत्पाद/सेवाओं के चैनल रणनीतियों से सम्बन्धित हैं।

(1) कथन **(I)** तथा **(II)** सही हैं परन्तु **(III)** सही नहीं है।

(2) कथन **(I)** तथा **(III)** सही हैं परन्तु **(II)** सही नहीं है।

(3) कथन **(I)** तथा **(II)** सही नहीं हैं परन्तु **(III)** सही है।

(4) कथन **(I)**, **(II)** तथा **(III)** सभी सही नहीं हैं।

78. विभिन्न विषयों के समंकों का विशाल संग्रह जिसे विभिन्न प्रकार के आंतरिक एवं बाह्य स्रोतों से, फर्म के उपयोग या इसके ग्राहकों के उपयोग के लिये, एकत्रित किया गया है, को कहते हैं :

(1) डॉटा बेस (2) डॉटा वेयरहाउस (3) डॉटा माइनिंग (4) एम.आई.एस.

79. **कथन (I) :** गैर स्टोर रिटेलिंग का एक रूप जिसमें उपभोक्ताओं से विज्ञापन के द्वारा सम्पर्क स्थापित करते हैं तथा बदले में से उपभोक्ता रिटेल स्टोर पर जाए बिना उत्पादों को खरीदते हैं, को प्रत्यक्ष विक्रय कहते हैं।

**कथन (II) :** गैर स्टोर रिटेलिंग का एक रूप जिसके अन्तर्गत विक्रेता एवं उपभोक्ता के मध्य रिटेल स्टोर से दूर सम्बन्ध स्थापित किया जाता है, को प्रत्यक्ष विपणन कहते हैं।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में, कथनों के सही एवं गलत होने के सम्बन्ध में **सही** कूट का चयन कीजिए :

(1) कथन **(I)** सही है परन्तु कथन **(II)** सही नहीं है।

(2) कथन **(I)** सही नहीं है परन्तु कथन **(II)** सही है।

(3) दोनों ही कथन सत्य हैं।

(4) दोनों ही कथन सत्य नहीं हैं।



Downloaded from www.cclchapter.com

**80.** विसरण प्रक्रिया की एक श्रेणी में आने वाले 34% उपभोक्ता किसी सामाजिक तन्त्र में एक औसत अनुकूलक से पहले किसी नवरचना को स्वीकार करने के लिए तत्पर होते हैं। ये उपभोक्ता सामाजिक एवं आर्थिक पैमाने पर औसत से अधिक होते हैं, विज्ञापनों एवं विक्रय व्यक्तियों पर कुछ हद तक विश्वास करते हैं, कहलाते हैं :

(1) पूर्व अनुकूलक (2) पूर्व बहुलता (3) विलम्बित बहुलता (4) विलम्बित अनुकूलक

**81.** जी.ई. व्यापार मॉडल की निम्नांकित में से किन मापदण्डों पर व्याख्या की गयी है?

(1) बाजार आकर्षण एवं व्यवसाय स्थिति

(2) व्यवसाय आकर्षण एवं बाजार स्थिति

(3) उद्योग वृद्धि दर एवं कम्पनी का बाजार में अंश

(4) कम्पनी की वृद्धि दर एवं उद्योग की स्थिति

**82.** क्रेताओं के द्वारा विपणन प्रकार्य हेतु अदायगी करने के लिए विक्रेता द्वारा क्रेताओं को दी गयी कीमत सूची में से छूट प्रदान करने को कहते हैं :

(1) व्यापारिक छूट (2) वृत्तिमूलक छूट

(3) नकद छूट (4) व्यापार छूट एवं वृत्तिमूलक छूट दोनों

**83.** कार्मिक प्रबंधन (पी.एम.) तथा मानव संसाधन प्रबंधन (एच.आर.एम.) से सम्बंधित **सूची - II** के कथ्यों का मिलान **सूची - I** के कथ्यों से करें; तथा, ठीक मेल के कूट का चयन करें।

| **सूची - I** | **सूची - II** |
|---|---|
| (a) पी.एम. का केंद्रीय लक्ष्य | (i) लोगों को अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रेरित करने वाली विकासात्मक अभिवृत्ति |
| (b) एच.आर.एम. का केंद्रीय लक्ष्य | (ii) प्रबंधन के क्रियाशील क्षेत्र के रूप में व्यवहृत |
| (c) पी.एम. का दर्शन | (iii) मानवीय प्रबंधन के रूप में व्यवहृत |
| (d) एच.आर.एम. का दर्शन | (iv) लोगों को नियंत्रित करके लाभ का अधिकतमीकरण |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |



Downloaded from www.cclchapter.com

84. निम्नलिखित कथनों के ठीक अथवा गलत होने के बारे में **सही** कूट का चयन करें :

**I** रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन विशिष्ट सांगठनिक अभिप्रायों पर लक्ष्यित होता है जबकि मानव संसाधन रणनीतियां केवल दीर्घकालीन विषयों पर केंद्रित होती हैं।

**II** रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन समष्टिगत चिंताओं जैसे निर्मिति और संस्कृति पर केंद्रित होता है जबकि मानव संसाधन रणनीति सौंपे गये विशिष्ट विषयों पर केंद्रित होती है।

**III** मानव संसाधन रणनीतिक निर्णय रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन से व्युत्पन्न होते हैं।

**कूट :**

(1) कथन **I** तथा **II** ठीक हैं जबकि कथन **III** गलत है।

(2) कथन **II** तथा **III** ठीक हैं, जबकि कथन **I** गलत है।

(3) कथन **I** तथा **III** ठीक हैं, जबकि कथन **II** गलत है।

(4) सभी कथन ठीक हैं।

85. निम्नलिखित में से कौन सा कूट निष्पादन प्रबंधन तंत्र के पद "बार्स" (BARS) के विस्तृत रूप का निरूपण करता है ?

(1) बिजनेस अप्रेज़ल ऐंड रेटिंग सिस्टम्स

(2) बैलेंस्ड असेसमेंट रिव्यूइंग स्कोरकार्ड

(3) बिहेवियरली ऐंकर्ड रेटिंग स्केल

(4) बेंचमार्किंग अप्रेजल रिव्यूइंग स्ट्रैटेजी

86. प्रशिक्षण के संबंध में **सूची - II** के पदों का **सूची - I** के पदों से मिलान कीजिए तथा ठीक मेल के कूट का चयन करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रौढ़ शिक्षा | (i) | अनुदेशों की शैलियां या रणनीतियां। |
| (b) | शिक्षणशास्त्र | (ii) | अंतिम ज्ञान स्तर जिसके साथ प्रशिक्षु प्रशिक्षण सत्र छोड़ता है। |
| (c) | अंतिम व्यवहार | (iii) | प्रबंधन की प्रतिबद्धता का अभाव तथा प्रशिक्षण के संसाधनों की कमी। |
| (d) | प्रशिक्षण बाधाएं | (iv) | वयस्कों को प्रशिक्षित करने की कला तथा विज्ञान। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |



Downloaded from www.cclchapter.com

87. निम्नलिखित में से कौन सा कथन क्षतिपूर्ति व्यवस्थापन के सिद्धांत के रूप में मान्य **नहीं** है?

(1) किसी उद्यम को विविध कार्य आवश्यकताओं के सापेक्ष विभेदक वेतन स्तरों के निर्धारण के लिए स्पष्ट योजना रखनी चाहिए।

(2) लोगों और कार्यों के बीच कभी घालमेल नहीं किया जाना चाहिए।

(3) क्षतिपूर्ति तंत्र की अभिकल्पना समय-समय पर प्रदर्शित वैयक्तिक कौशल के समनुरूप व्यक्तिपरकता के साथ की जानी चाहिए।

(4) मजदूरी/वेतन संबंधी शिकायतों के निपटारे की प्रक्रियाएं सुनिर्धारित होनी चाहिए।

88. औद्योगिक संबंधों के बारे में **सूची - II** के पदों का मिलान **सूची - I** के पदों से कीजिए और **सही** मेल के कूट का चयन कीजिए :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | स्वस्थ श्रमिक-प्रबंधन संबंध | (i) | औद्योगिक विवाद अधिनियम |
| (b) | औद्योगिक शांति कानून | (ii) | शिकायत प्रक्रिया का निर्देशक सिद्धांत |
| (c) | औद्योगिक लोकतंत्र | (iii) | प्रबंधन में कार्मिकों की भागीदारी |
| (d) | राष्ट्रीय श्रम आयोग, 1969 | (iv) | स्वैच्छिक मध्यस्थता तथा उत्तरदायी श्रम संगठन |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

89. हाल के वर्षों में, निम्नलिखित में से कौन सा देश, भारतवर्ष में विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत रहा है?

(1) ऑस्ट्रेलिया (2) जापान (3) चीन (4) मॉरिशस



Downloaded from www.cclchapter.com

**90.** **निश्चयन (A) :** भारत सरकार घरेलू बाजार को विदेशी प्रतिभागियों के लिए धीमे-धीमे खोलती रही है।

**तर्क (R) :** विदेशी प्रतिभागियों को भारतीय खुदरा बाजार में मुक्त विचरण की अनुमती देना सदैव ही गर्म राजनैतिक चर्चा का विषय रहा है।

**कूट :**

(1) **(A)** एवं **(R)** दोनों सही हैं ; और **(A)** का **(R)** सही विवरण है।

(2) **(A)** एवं **(R)** दोनों सही हैं ; परंतु **(A)** का **(R)** सही विवरण नहीं है।

(3) **(A)** एवं **(R)** दोनों गलत हैं।

(4) **(A)** सही है परंतु **(R)** गलत है।

**91.** निम्नलिखित कथनों के सही अथवा गलत होने से संबंधित **सही** कूट का चयन कीजिए।

**कथन (I) :** एक वैश्विक निक्षेपागार प्राप्ति (जी.डी.आर.) एक बैंक प्रमाणपत्र है जिसका निर्गमन एक से ज्यादा देशों में एक विदेशी कंपनी में अंशों के लिए किया जाता है।

**कथन (II) :** एक जी.डी.आर. अमेरिकन निक्षेपागार प्राप्ती (ऐ.डी.आर.) के बहुत समान है।

**कथन (III) :** जी.डी.आर. को तब ई.डी.आर. कहा जाता है जब निजी बाजार यूरो प्राप्त करने का प्रयत्न करते हैं।

**कूट :**

(1) कथन **(I)**, **(II)** एवं **(III)** सही हैं।

(2) कथन **(I)** एवं **(II)** सही हैं परंतु कथन **(III)** सही नहीं है।

(3) कथन **(I)** एवं **(III)** सही हैं परंतु कथन **(II)** सही नहीं है।

(4) कथन **(II)** एवं **(III)** सही हैं परंतु कथन **(I)** सही नहीं है।

**92.** दिसम्बर, 1999 में यूरोपियन कमिशन के सदस्यों ने एक समान मुद्रा – ''यूरो'' को स्वीकार करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। यह निम्नलिखित नाम से जाना जाता है :

(1) रोम का समझौता

(2) मैसट्रिच्च का समझौता

(3) लिसबन का समझौता

(4) लंडन का समझौता



Downloaded from www.cclchapter.com

**93.** निम्नलिखित कथनों के **सही** अथवा **गलत** होने से संबंधित **सही** कूट का चयन कीजिए।

**कथन (I) :** ''एक कीमत का नियम'' यह बतलाता है कि परिवहन लागत एवं व्यापार की बाधाओं से मुक्त प्रतिस्पर्धी बाजार में, विभिन्न देशों में बेची जानेवाली समान वस्तुयें एक समान कीमतों पर बेची जानी चाहिए जबकि उनकी कीमत समान मुद्राओं में दर्शायी गयी हों।

**कथन (II) :** व्यापार बाधाओं के समान, एक दक्ष बाजार में वस्तुओं एवं सेवाओं के मुक्त प्रवाह में कोई बाधा नहीं होती है।

**कूट :**

(1) कथन **(I)** सही है परंतु **(II)** गलत है।

(2) कथन **(II)** सही है परंतु **(I)** गलत है।

(3) दोनों कथन **(I)** एवं **(II)** सही हैं।

(4) दोनों कथन **(I)** एवं **(II)** गलत हैं।

**94.** पेटेंट के संबंध में कौनसा कथन सही **नहीं** है?

(1) एक पेटेंट किसी खोज जो नयी, अप्रकट एवं उपयोगी है, को दिया गया कानूनी रक्षण है।

(2) पेटेंट धारक को पेटेंटकृत वस्तुओं एवं प्रक्रिया को उपयोग करने का या उसे बेचने का अनन्य अधिकार पेटेंट द्वारा प्राप्त होता है।

(3) पेटेंट प्रणाली का एकमात्र उद्देश्य पेटेंट धारक को लाभ पहुँचाना होता है।

(4) भारतीय पेटेंट अधिनियम, 1970 को संशोधित किया गया एवं 1 जनवरी, 2005 से प्रभावी बनाया गया।

**95.** निम्नलिखित में से कौन सी एक आयकर अधिनियम, 1961, के अन्तर्गत कृषि आय है?

(1) कृषि भूमि के सम्बन्ध में बकाये किराये पर ब्याज

(2) किसी साहूकार द्वारा कृषि उत्पाद के रूप में प्राप्त किया गया ब्याज

(3) जंगल में स्वत: उगे पेड़ों, जिनपर सिर्फ वानिकी क्रियायें ही सम्पन्न की गयी हों, के बिक्रय से आय

(4) कृषि क्रियाओं में संलग्न फर्म से किसी साझेदार द्वारा प्राप्त किया गया पूँजी पर ब्याज



Downloaded from www.cclchapter.com

**96.** आयकर अधिनियम, 1961, के अन्तर्गत, ह्रास चार्ज करने के उद्देश्य से ''सम्पत्तियों के ब्लाक'' से आशय होता है :

(1) ह्रास पश्चात समस्त सम्पत्तियों का मूल्य

(2) ह्रास चार्ज करने के पश्चात समस्त मूर्त सम्पत्तियों का मूल्य

(3) उन सभी सम्पत्तियों का मूल्य जिन पर ह्रास की एक ही दर लागू होती है

(4) संचित ह्रास घटाने के बाद मशीनरी एवं प्लांट का सकल मूल्य

**97.** आयकर अधिनियम, 1961, की धारा 10(10C) के अन्तर्गत स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति के समय प्राप्त क्षतिपूर्ति की अधिकतम कर मुक्त सीमा है :

(1) ₹ 1,00,000 (2) ₹ 2,50,000 (3) ₹ 5,00,000 (4) ₹ 10,00,000

**98.** फर्म के करनिर्धारण के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सत्य **नहीं** है ?

(1) भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932, के अन्तर्गत बनायी गयी समस्त साझेदारी फर्मों का कर निर्धारण आयकर अधिनियम, 1961, के अन्तर्गत फर्म के रूप में किया जाता है।

(2) फर्म की आय बिना किसी छूट के 30% की समान दर से करयोग्य होती है।

(3) फर्म की आय में साझेदारों के हिस्से की आय साझेदारों के हाथों में करयोग्य नहीं होती है।

(4) फर्म (उसी रूप में करयोग्य) के साझेदारों को दिया गया पारिश्रमिक वैधानिक सीमा के अन्तर्गत कटौती योग्य होता है।

**99.** कम्पनियों के अतिरिक्त अन्य करदाताओं के लिये अग्रिम कर भुगतान के प्रथम किश्त की देय तिथि होती है :

(1) 15 अप्रैल (2) 15 जून (3) 15 सितम्बर (4) 15 दिसम्बर

**100.** निम्नलिखित मदों में से कौन सा एक व्यवसाय तथा पेशे से आय की गणना में कटौती के रूप में स्वीकृत **नहीं** किया जाता ?

(1) साझेदारी संलेख तैयार करने हेतु वकील को दी गयी फीस

(2) किसी कर्मचारी द्वारा किये गये गबन के कारण हुयी हानि

(3) व्यावसायिक भवन की सुरक्षा हेतु दिया गया कानूनी व्यय

(4) नये टेलीफोन को इंस्टाल करने में व्यय

- o O o -



Downloaded from www.cclchapter.com

**Space For Rough Work**



Downloaded from www.cclchapter.com